C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:39 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 177 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 6 जनवरी 2025

बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकी के...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश के आसार

**देहरादून।** मौसम विभाग की ओर से उत्तराखंड के कुछ जिलों के लिए आज येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम बदलने के बाद अधिकतम तापमान गिरकर 20.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इन जिलों में आज छह जनवरी को येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भी हल्की बारिश के आसार हैं। ऐसे में इन जिलों के तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा सकती है। देहरादून समेत अन्य कई जिलों में पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ है। इसकी वजह से तापमान में भी खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। लेकिन मौसम के करवट बदलते ही करीब चार डिग्री सेल्सियस तापमान गिर सकता है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो रविवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं मौसम बदलने के बाद आज यानि सोमवार को अधिकतम तापमान गिरकर 20.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। और अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

## 14 को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे आदिबदरी मंदिर के कपाट

**देहरादून।** आदिबदरी मंदिर के कपाट 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस दौरान एक सप्ताह तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भगवान आदिबदरी मंदिर के कपाट वर्ष में एक माह पौष माह के लिए बंद रहते हैं। गत 15 दिसंबर को मंदिर के कपाट बंद हुए थे। व्यापारी अशोक शाह, रामचंद्र चमोला कहते हैं कि आदिबदरी मंदिर समूह को देखने के लिए ग्रीष्मकाल से लेकर शीतकाल तक श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद बहुगुणा ने शासन-प्रशासन से आदिबदरी में पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ाने की मांग की। तहसील के आलकोट में चार दिवसीय विनसर महादेव विकास एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 11 जनवरी से किया जाएगा।

# आयुष्मान से इलाज के लिए आधार राशन कार्ड से पते का होगा सत्यापन

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया, आयुष्मान कार्ड राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम राशन कार्डधारक लाभार्थियों को जारी किया जाता है। फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाकर मुफ्त इलाज की सुविधा लेने पर प्रदेश सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। इसके लिए आयुष्मान कार्ड पर भर्ती मरीज के आधार पर अंकित पते का सत्यापन मूल आधार कार्ड और राशन कार्ड से किया जाएगा।

इस संबंध में शीघ्र ही राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से सूचीबद्ध अस्पतालों को दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया, आयुष्मान कार्ड राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एसएफएसए) राशन कार्डधारक लाभार्थियों को जारी किया जाता है। कहा, राशन कार्ड बनाने के लिए आधार का उपयोग केवल केवाईसी के लिए किया जाता है। राज्य के पास संग्रहित डाटाबेस में मौजूद आधार के विवरण तक किसी भी प्रकार की पहुंच नहीं है। फर्जी कार्डों की जांच के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की मदद से पहले से जारी आयुष्मान कार्ड का विश्लेषण और सत्यापन किया जाता है। बताया, भर्ती के दौरान आधार पर अंकित पते की प्रामाणिकता की जांच और मूल आधार और राशन कार्ड मांगने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों को एडवाइजरी जारी की जा रही है।



पिछले एक से दो वर्ष के दौरान बने राशनकार्डों और विशेष रूप से राशन कार्ड में केवल एक सदस्य होने के सत्यापन के लिए खाद्य विभाग को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। बताया, बाहरी राज्यों से आने वाले लाभार्थियों के मामले में अधिक सतर्क रहने और मूल आधारकार्ड और राशनकार्ड मांगने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जन सेवा केंद्रों को सख्त निर्देश दिए जा रहे कि वह किसी भी फर्जीवाड़े में शामिल नहीं हो। फर्जी कार्ड बनाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय खेलों के लिए किया आमंत्रित

# शिष्टाचार भेंटः प्रधानमंत्री मोदी से मिले मुख्यमंत्री धामी

## सीएम ने पीएम मोदी को चमोली जिले का एक खास तोहफा भी दिया

**नई दिल्ली**
एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित करने के साथ ही सीएम ने पीएम मोदी को चमोली जिले का एक खास तोहफा भी दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को मलारी (चमोली) की शॉल और नारायण आश्रम की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। सीएम ने कहा कि ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे का कार्य हो



चुका है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया।

उन्होंने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का अनुरोध किया। पुराने स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है, उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा जिससे यातायात में सुधार होगा।

# काठगोदाम क्षेत्र से पर्यटकों को टैक्सी स्कूटियों के साथ बांट रहे फर्जी लाइसेंस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

**पूछताछ**
- यातायात पुलिस ने चार टैक्सी बाइकें सीज की

जिले के काठगोदाम क्षेत्र से पर्यटकों को नैनीताल जाने के लिए टैक्सी स्कूटियों के साथ फ र्जी लाइसेंस भी उपलब्ध करा दिए। मल्लीताल क्षेत्र में चैकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने चार टैक्सी बाइकें सीज कर दी।

जानकारी के अनुसार रविवार को यातायात पुलिस के टीएसआई हरीश फर्त्याल हमराह अमित आर्य के साथ चैकिंग अभियान में जुटे थे। इस दौरान पुलिस ने चार टैक्सी स्कूटी बाइक भी रोकी।

पूछताछ में युवकों ने खुद को लोकल बताकर क्षेत्रीय लाइसेंस व आधार कार्ड दिखाए। पुलिस को शक होने पर बाकी पूछताछ की तो पर्यटकों ने सच उगल दिया। बताया कि वह नोएडा से घूमने आए हैं। सुबह वह काठगोदाम पहुंचे, जहां वह स्कूटी किराए में लेने गए लेकिन उनके पास डीएल नहीं था, जिस पर स्कूटी स्वामी ने उनको लोकल आधार व डीएल दे दिए और कहा कि पुलिस पकड़े तो यह दिखा देना पुलिस छोड़ देगी।

टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि फर्जी दस्तावेज दिखाने व



प्रतिबंधित परमिट के टैक्सी वाहन नगर में चलाने पर संजय कुमार, अनुराग, राजू कुमार व सतीश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी संख्या यूके 04 टीबी 7273 तथा यूके 04 7287, यूके 04 टीबी 6941 व यूके 04 टीए 6943 को सीज कर दिया है।

# पुलिस ने उत्तराखंड में शुरू किया मदरसों का सत्यापन

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

पिछले दिनों सरकार ने प्रदेश में मदरसों के सत्यापन के निर्देश दिए थे। शुरुआती चरण में इसके लिए पुलिस की ओर से काम शुरू कर दिया गया है।

पुलिस ने प्रदेश में मदरसों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इस संबंध में पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों को पत्र जारी किए गए थे। जिलों की स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराएगी। बताया जाएगा कि कितने मदरसे वैध और कितने अवैध हैं। शासन के निर्देश पर ही अगली जांच और कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों सरकार ने प्रदेश में मदरसों के सत्यापन के निर्देश दिए थे। शुरुआती चरण में इसके लिए पुलिस की ओर से काम शुरू कर दिया गया है। जिलों की एलआईयू से रिपोर्ट आने के बाद इसे अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजा जाएगा। इसके बाद जो अवैध मदरसे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में यदि किसी की फंडिंग संदिग्ध है तो उसकी जांच भी की जाएगी। पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक शासन से निर्देश मिलने के बाद संबंधित संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि इसके लिए हर जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन भी किया गया है। हालांकि, एलआईयू को प्रथम चरण में सिर्फ यही देखना है कि कितने मदरसे अवैध और कितने वैध हैं।

# भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला केस, आठ माह की बच्ची संक्रमित

**नई दिल्ली**
एजेंसी

चीन में फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की भारत में दस्तक हो गई। बंगलूरू में एक आठ महीने की बच्ची एचएमपीवी संक्रमित पाई गई है। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि सरकार का कहना है कि वायरस के स्ट्रेन के बारे में जानकारी नहीं है।

चीन में फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की भारत में दस्तक हो गई। बंगलूरू में एक आठ महीने की बच्ची एचएमपीवी संक्रमित पाई गई है। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि सरकार का कहना है कि वायरस के स्ट्रेन के बारे में जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है। चीन में इन दिनों ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वायरस से बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें आ रही हैं। इसे लेकर भारत में भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। कई राज्यों ने एडवाइजरी और अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भारत में एचएमपीवी का पहला केस सामने आया है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बंगलूरू के बैपटिस्ट अस्पताल में एक आठ महीने की बच्ची संक्रमित पाई गई है। हालांकि बच्ची के संक्रमित होने की पुष्टि एक निजी लैब में हुई है। कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि उनकी प्रयोगशाला में नमूने की जांच नहीं हुई है। निजी अस्पताल की रिपोर्ट में यह सामने आया है। स्ट्रेन को लेकर जानकारी नहीं है। इसे लेकर अलर्ट जारी है। सतर्कता बरती जा रही है।

मौजूदा समय में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से बचाव के लिए कोई टीका (वैक्सीन) मौजूद नहीं है। इसके अलावा एंटी वायरल दवाइयों का प्रयोग इस पर असर नहीं डालता। ऐसे में एंटी वायरल का प्रयोग इंसानों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम कर सकता है।

इस वायरस से जूझ रहे लोगों को लक्षण हल्का करने के लिए कुछ दवाएं दी जा सकती हैं। हालांकि, वायरस को खत्म करने लायक उपचार अभी मौजूद नहीं है।

# वीकेंड पर पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



सुबह व शाम के वक्त नैनीताल में इन दिनों जरुर ठंड हो रही है लेकिन दिन के वक्त चटक धूप खिलने से मौसम बेहद सुहावना बना है,ऐसे मौसम में देश के विभिन्न शहरों से वीकेंड मनने पहुंचे पर्यटक नगर में खूब मौज मस्ती कर रहे हैं।

रविवार को भी पर्यटकों ने माल रोड समेत दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। बता दें नगर में वीकेंड के चलते खूब रौनक देखने को मिल रही है। रविवार को लगातार दूसरे दिन पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के सभी प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए।

पर्यटकों की भीड़-भाड़ बढने की वजह से इन दिनों नगर के पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार (आज) गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवकाश की वजह से पर्यटकों की आमद और बढ़ेगी। दूसरी ओर पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या बढने से नगर की माल रोड समेत कई आंतरिक मोटर मार्गो में जाम लगने की वजह से यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस कर्मियों को खूब पसीना बहाना पड़ रहा है।



## नियमितीकरण को 184वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 184वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुरुरानी ने कहा कि 25 जनवरी (शनिवार) के बाद सभी जनपदों में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जबकि जनपद चंपावत व जनपद पिथौरागढ़ की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा। यहां त्रिभुवन पुनेठा, पदम सिंह, बलवंत सिंह, दीपक, राजेंद्र, हर सिंह, शेर सिंह, सौरव खोलिया ,महेश कुमार, वेद प्रकाश, विजय बोरा, हंसी बिष्ट, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह तथा शोभा राम मौजूद रहे।

## शिष्टमंडल ने तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. सिन्हा से मुलाकात की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ (उटा) के शिष्टमंडल ने रविवार को नैनीताल पहुंचे सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौपा।

कूटा ने सचिव डा.सिन्हा से आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार 10 वर्ष की संविदा सेवा कर चुके प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को विनियमित किया जाए। कहा कि संविदा में कार्य कर रहे प्राध्यापकों का वेतन 57हजार 700 रुपया करने का शासनादेश तथा 10 वर्ष प्रोफेसर सेवा पर लेवल 15 दिया जाय एवं आवास की मरम्मत हेतु तथा नए आवास हेतु 20 करोड़ का अनुदान दिया जाए । कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों लिए इंडस्ट्री तथा विश्वविद्यालयों में करार किया जाए। शिष्टमंडल में अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ. रिशेंद्र कुमार तथा डॉ हर्ष चौहान शामिल रहे।



## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नेहरू युवा केंद्र नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में रविवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम बेतालघाट में किया गया।

बता दें प्रतियोगिता के तहत 400 मीटर पुरुष दौड़, 400 मीटर महिला दौड़ समेत लंबी कूद, महिला वर्ग के लिए खो खो एवं पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 150 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तहत 400 मीटर महिला दौड़ में चांदनी ने प्रथम जबकि कोमल रावत ने द्वितीय एवं निर्मला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि 400 मीटर पुरुष दौड़ में मंजीत ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय व पवन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा महिला लंबी कूद में निर्मला बिष्ट प्रथम, निर्मला ने द्वितीय और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों में पुष्कर ने प्रथम, धर्मेंद्र ने द्वितीय और गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, महिला वर्ग की खो खो प्रतियोगिता में गंगरेटी युवती मंडल की टीम प्रथम जबकि बेतालघाट युवती मंडल की टीम द्वितीय स्थान पर रही और पुरुष वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में बेतालघाट युवा मंडल की टीम प्रथम एवं सेटी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी एवं खो खो के प्रथम विजेता टीम को स्पोर्ट्स कीट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एनवाईवी बबीता बोहरा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ भुवन मठपाल प्राधनाध्यापक राजकीय इंटर कालेज बेतालघाट समेत चंदन सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा एवं लक्ष्मी भंडारी छात्र संघ अध्यक्ष उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेता खिलाडियों को मोमेंटो, स्पोर्ट्स कीट और सर्टिफि केट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता को सफ ल बनाने के लिए रवींद्र जलाल, जीवन सिंह जलाल, मोहित पंत तथा बबीता आदि का विशेष सहयोग रहा।





**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## NEWS / फटाफट

### जीवंती भट्ट ने भाजपा को मतदान की अपील की

**नैनीताल** । भारतीय जनता पार्टी की पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर के स्नोव्यू वार्ड के तहत हिमालय दर्शन,लाल कोठी,स्नोव्यू तथा प्लेंस व्यू,तारा हॉल, मॉल्डन कॉटेज तथा रामलीला ग्राउंड आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत स्नोव्यू वार्ड की सभासद पद की पार्टी प्रत्याशी तारा राणा समेत विक्रम सिंह रावत, मोहित आर्या, विक्रम सिंह राठौर,प्रेमा अधिकारी,दीपिका बिनवाल, संगीता जलाल, विनिता पांडे,रानी साह, दिव्या साह,भारती साह,दीप पांडे, हेमा भट्ट,शैलेंद्र सिंह बरगली,संतोष साह,रक्षित तिवारी तथा प्रभा पुंडीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बूट तथा मास्क व सेनिटाइजर का वितरण किया

**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद नैनीताल के अंतर्गत अधिशाषी अधिकारी दीपक गोस्वामी के नेतृत्व में रेग पिकर्स (कूड़ा बीनने वाले) के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु बूट तथा मास्क तथा सेनिटाइजर आदि का वितरण किया गया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी दीपक गोस्वामी द्वारा रेग पिकर्स से अनुरोध किया कि कूड़ा बीनते समय पीपीई किट का उपयोग करें जिससे उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा हो सके। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी विनोद जीना समेत सीएमएम सीमा पाण्डेय के साथ ही चन्दन सिंह भंडारी,सोनू तिवारी तथा सीमा कुंवर व उमेश तिवारी उपस्थित थे।

### राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण



**नैनीताल।** उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने रविवार राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार गौड़ द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सचिव का भव्य स्वागत किया गया। वही सचिव डॉ. रंजीत द्वारा संस्था में संचालित सभी विभागों की लैबों का गहनता से निरीक्षण किया तथा सुधार संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सचिव द्वारा प्रयोगात्मक कार्यों के लिए स्थापित मशीनों, उपकरणों को चलवाया गया तथा बेहतर प्रयोग कर सकते है इस पर जोर दिया गया।

## जीएनजी बना सीनियर जिला लीग का विजेता

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर जिला लीग का फाइनल मैच जी एन जी क्रिकेट एरिना कमलवागांजा हल्द्वानी में डी के स्पोर्टस और जी एन जी के मध्य खेला गया,डी के स्पोर्टस ने टॉस जीतकर जी एन जी को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया,जी एन जी ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 382 रन बनाये जिसमे सलामी बल्लेबाज रणजी खिलाड़ी कमल कन्याल ने 15 चौके 3 छक्के की मदद से 113 रन,आदित्य आर्या ने 6 चौके 4 छक्के की मदद से 62 रन,लक्ष्य राय चंदानी ने 4 चौके 6 छक्के की मदद से 84 रन, विकेट कीपर बल्लेबाज प्रतीक पांडे ने 4 चौके 9 छक्के की मदद से 81 रन की पारी खेली ,डी के स्पोर्ट्स की ओर से श्लोक पंत/सूरज सतवाल ने 2-2 विकेट लिये,जबाब में खेलने उतरी डी के स्पोर्ट्स की पूरी टीम 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 292 रन बनाकर 90 रन से मैच हार गईं, टीम के लिये ओपनर बल्लेबाज दीपक कोश्यारी ने 12 चौके 4 छक्के की मदद से 100 रन की पारी खेली, सूरज सतवाल ने 6 चौके 2 छक्के की मदद से 45 रन आयुष तिलारा ने 3 चौके 2 छक्के की मदद से 35 रन की पारी खेली ,जी एन जी की और से रणजी खिलाड़ी मयंक मिश्रा/कमल कन्याल /आरुष मेलकानी ने 2-2 विकेट लिये,मैन ऑफ दा मैच-कमल कन्याल,मैन ऑफ दा सीरीज/सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज--दीपक कोश्यारी,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज-पृथ्वी गेंडा,मैच के अंपायर विजय आर्या ओर जितेंद्र सिंह जबकि स्कोरर नीरज पनेरू रहे,इससे पहले मैच का शुभारंभ डॉ दीपक कुमार दिवाकि ने किया,जबकि पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि समाज सेवक गिरीश मेलकानी और विशिष्ट अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर सचिव रमेश दानू अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल ,भाजपा नेता जगमीत सिंह मीती ने किया,इस मौके पर सीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा,,जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया , लीला कांडपाल, नरेंद अधिकारी, आंनद बिष्ट, नवीन टम्टा,मनोज भट्ट, त्रिलोक जीना, जगमोहन बगड़वाल, सुनील साह, विजय कुकसाल, संजय चौधरी,पंकज गुरूरानी, ललित रावत,शरद रावल,नवीन जोशी, मनोज पंत,हरप्रीत कंबोज, अभिषेक कुमार,सहित सैकड़ों दर्शको ने मैच का आनन्द उठाया।



# अभिमत

## कर्म प्रधान

***नारायण मूर्ति ने विश्व के विकसित और विभिन्न क्षेत्रों में शक्तिशाली देशों के समकक्ष भारत को पहुंचाने में योगदान के लिए अधिक से अधिक काम करने की बात कही है। मानवाधिकार और श्रमिकों के अधिकार की दुहाई देने वाले अधिक काम करने को शोषण मानते हैं, लेकिन नेताओं पर टिप्पणी नहीं करते हैं। नेता सिर्फ और सिर्फ बहसबाजी करते हैं तथा देश के संसाधनों का अधिक से अधिक उपभोग करते हैं। सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी काम से जी चुराते हैं।***

गीता का सार है कि जीवन कर्म प्रधान है। मनुष्य को कर्म करते रहना चाहिए, फल स्वतः मिलेगा। कर्म और फल का गुणा-भाग मनुष्य को नहीं करना चाहिए। कर्म के अनुसार फल देना ईश्वर का काम है। मनुष्य कितने घंटे काम करे, यह उसके काम और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी नारायणमूर्ति ने प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करने की सलाह दी तो बुद्धिजीवियों में बहस छिड़ गई। नारायण मूर्ति की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वह प्रधानमंत्री नहीं, देश के प्रधान सेवक हैं और प्रतिदिन 18 घंटे बिना किसी अवकाश के कार्य करते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने देश की बुनियाद डालने के लिए 'आराम हराम है' का नारा दिया था। मनुष्य के अलावा अन्य जीव भी सक्रिय रहते हैं। पेड़-पौधों में जीवन है और वह निरंतर प्रकृति के अनुसार जीवित होने का प्रमाण देते हैं। नारायण मूर्ति ने विश्व के विकसित और विभिन्न क्षेत्रों में शक्तिशाली देशों के समकक्ष भारत को पहुंचाने में योगदान के लिए अधिक से अधिक काम करने की बात कही है। मानवाधिकार और श्रमिकों के अधिकार की दुहाई देने वाले अधिक काम करने को शोषण मानते हैं, लेकिन नेताओं पर टिप्पणी नहीं करते हैं। नेता सिर्फ और सिर्फ बहसबाजी करते हैं तथा देश के संसाधनों का अधिक से अधिक उपभोग करते हैं। सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी काम से जी चुराते हैं। सरकारी क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या कम होती जा रही है। श्रमिक संगठन निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। काम नहीं करने के कारण सरकारी और अर्द्ध सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठान घाटे में जा रहे हैं। इसी लिए निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान लगातार प्रगति कर रहे हैं। निजी क्षेत्र में उद्यमी योग्यता और निर्धारित समय काम तथा उत्पादन को प्राथमिकता देते हैं। नारायण मूर्ति भी प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रमुख हैं। वर्तमान में बेरोजगारी देश की ज्वलंत समस्या है। शिक्षित और अशिक्षित दोनों श्रेणी के युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। ज्यादातर उद्योगों में तीन पारी में काम होता है। आठ घंटे की ड्यूटी के अलावा ओवर टाइम का भी प्रावधान है। निजी क्षेत्र में सप्ताह में ज्यादातर कर्मचारी 70 घंटे काम करते हैं। स्वरोजगार के अंतर्गत व्यापारी तो बाजार की साप्ताहिकबंदी के दिन भी कारोबार में संलग्न रहते हैं। स्वरोजगार के क्षेत्र में कारोबारी स्वयं के साथ जरूरत के अनुसार अन्य लोगों को भी रोजगार देते हैं। बेरोजगारी की समस्या का समाधान कर्म के प्रति समर्पण से हो सकता है।

# अकादमिक व प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में रविवार को सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की।

इस दौरान डॉ. सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर का उत्कृष्ट संस्थान बनाने के लिए सभी को मिल कर कार्य करना होगा और सीखने की भूख पैदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमें लगातार स्वयं को अद्यतन रखना चाहिए क्योंकि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जीवन में सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। उन्होंने छात्रों को वर्तमान वैश्विक संस्थाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में विश्वविद्यालय की भूमिका को रेखांकित किया। सचिव डा.सिन्हा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की तथा मेरु प्रोजेक्ट के प्रस्ताव के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में प्रतिस्पर्धा और तेजी से बदलती तकनीक के साथ तालमेल बिठाने के लिए लगातार सीखने और नवाचार को अपनाना बेहद आवश्यक है। इसी के साथ डॉ. सिन्हा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और छात्रों के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने गुरुजनों की गुणवत्ता हेतु उत्कृष्ट संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व डा. सिन्हा के आगमन पर कुविवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल एवं वरिष्ठ गुरुजनों ने पुष्प गुच्छ और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़े कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने डॉ. सिन्हा का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल साइंसेज डॉ. महेंद्र सिंह राणा ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रगति आख्या में शोध, नवाचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत चल रहे शैक्षणिक सुधारों पर प्रकाश डाला गया। बैठक के दौरान सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कुविवि की परीक्षा प्रणाली और संबद्धता प्रक्रिया को डिजिटाइज और आनलाईन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उद्योग की आवश्यकता के अनुरूप प्रयोगशाला के उच्चीकरण पर बल दिया तथा गैप एनालिसिस कर इसका विस्तृत प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया और ई- बुक्स को कुमाऊं विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों हेतु लॉन्च किया। उन्होंने यूजीसी मालवीय मिशन फ ॉर टीचर्स ट्रेनिंग का निरीक्षण कर राज्य में गुरुजनों के प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात डा.सिन्हा ने राजकीय पॉलीटेक्निक नैनीताल का निरीक्षण कर फ ार्मेसी तथा मैकेनिकल व सिविल तथा इलेक्ट्रिकल सहित अन्य विभागों का निरीक्षण कर सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, सहायक निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. दीपक कुमार पांडे, नोडल अधिकारी (समर्थ) डॉ. शैलेन्द्र सिंह समेत मुकेश पाण्डेय, सचिन शर्मा, कुविवि की वित्त नियंत्रक अनीता आर्या,वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अतुल जोशी, प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, प्रो.सूचि बिष्ट, प्रो.ललित तिवारी, प्रो.बीना पांडे, प्रो.एन.जी.साहू, डा.त्रिश्नेंद्र कुमार, डा.हर्ष चौहान, प्रो.चित्रा पांडे, प्रो.कुमुद उपाध्याय, प्रो.एम.एस.मावड़ी, प्रो.आशीष तिवारी तथा प्रो.अमित जोशी, सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष एवं गुरुजन उपस्थित थे। बैठक का संचालन विवि के कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल द्वारा किया गया।

## मदद को हर संभव पूरा करने का प्रयास करेंगे: डॉ. सिन्हा



**नैनीताल** । सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जो भी मदद हो सकेगी उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। डा.सिन्हा ने यह बात नैनीताल में पत्रकारों से वार्ता में कही। डा.सिन्हा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के लिए कई नए कोर्स खोले गए हैं जिससे छात्र-छात्राएं स्वरोजगार अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर का उत्कृष्ट संस्थान बनाने के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में प्रतिस्पर्धा और तेजी से बदलती तकनीक के साथ तालमेल बिठाने के लिए लगातार सीखने और नवाचार को अपनाना बेहद आवश्यक है।

# नैनीताल में निकाय चुनाव को लेकर पालिकाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस पार्टी ने निकाली जनसंपर्क रैली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



निकाय चुनाव को लेकर नैनीताल में कांग्रेस पार्टी की पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल की मौजूदगी में रविवार को गोवर्धन हॉल में बैठक आयोजित की बैठक करने के बाद जनसंपर्क रैली निकाली।

बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक संजीव आर्या ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि पूरा शहर जानता है कि कांग्रेस पार्टी से पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी डा. सरस्वती खेतवाल हमेशा जनता की मदद को तत्पर रहती हैं। नैनीताल की जनसमस्याओं और जनांदोलनों में उनकी सहभागिता रहती है और प्रत्येक वार्ड में लोग उन्हें जानते हैं और उनके कार्यों से ही सब उनसे परिचित हैं। पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं और उम्मीद है कि शहर की जनता पालिकाध्यक्ष के पद पर एक सक्षम व्यक्तित्व को चुनेंगी। पार्टी प्रत्याशी डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि वह सफ ाई, बेरोजगारी, पार्किंग तथा व्यापारियों व होटल एसोसिएशन व पालिका से जुड़े अन्य मुद्दों पर कार्य करेंगी और पार्टी के सहयोग से वह जनता के सभी मुद्दों और परेशानियों का समाधान करने को प्रयासरत रहेंगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, मुन्नी तिवारी,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल समेत पूर्व सांसद डा.महेंद्र सिंह पाल, त्रिभुवन फ र्त्याल, किशन नेगी, कुंदन बिष्ट, ललित चनियाल, बंटू आर्य, पवन जाटव, खष्टी बिष्ट, भावना भट्ट, डा.रमेश पांडे, दीपक कुमार, मोहन कांडपाल, रईस अहमद, नसीर खान, सैय्यद नदीम मून, सतीश नैनवाल, प्रेम शर्मा, कमलेश तिवारी, वीरेंद्र बिष्ट, कैलाश अधिकारी, राजीव लोचन साह, हिमांशु पांडे, गोपाल बिष्ट, राजन व्यास तथा शार्दुल नेगी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकी के बीच सुरक्षा बढ़ा रहे सलमान खान




*अभिनेता ने अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगभग दो करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ एसयूवी भी खरीदी। एक बार फिर भाईजान के घर की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। सलमान खान के मुंबई स्थित घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रविवार को गैलेक्सी अपार्टमेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें कुछ कर्मचारी अभिनेता के घर की बाहरी दीवार पर कुछ सुरक्षा गैजेट लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई जानकारी नहीं है, लेकिन वीडियो ने प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या बॉलीवुड सुपरस्टार के साथ सब ठीक है। सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में मरम्मत का काम जारी है। सुरक्षा में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है, जब सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं, जिनमें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह की ओर से धमकियां मिल रही हैं। अप्रैल 2024 में, मुंबई के बांद्रा इलाके में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की गई थी। बाद में, यह बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह पर हमले के पीछे होने का आरोप है। गैंगस्टर के भाई अनमोल बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी ली थी। बाद में, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भी गिरोह से एक संदेश मिला, जिसमें सलमान की माफी के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। संदेश में धमकी दी गई थी कि अगर मांग पूरी नहीं की गई, तो उनका हश्र बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। बता दें कि बाबा सिद्दिकी की 12 अक्तूबर, 2024 को मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।*

### बिग बॉस 18 के बाहर भी है सुरक्षा इंतजाम

*मालूम हो कि अक्तूबर 2024 में, अभिनेता ने लगभग दो करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ निसान पेट्रोल एसयूवी भी खरीदी, जिसे दुबई से सीधे मुंबई लाया गया। इसके अलावा, मुंबई के फिल्म सिटी में बिग बॉस 18 के सेट के बाहर भी सुरक्षा इंतजाम काफी तगड़ा है। इस बीच वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान अपनी अगली फिल्म सिकंदर के लिए कमर कस रहे हैं, जिसका निर्देशन साजिद नाडियाडवाला और एआर मुरुगादॉस ने किया है।*

# पुलिस वर्दी में घुसकर गाली-गलौच और धमकी देने का आरोप

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

काठगोदाम क्षेत्र में एक व्यक्ति पर पुलिस वर्दी पहनकर घर में घुसकर गाली-गलौच और धमकी देने का आरोप लगा है। घटना कृष्णा विहार कालोनी में घटित हुई, जहां पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित कैलाश चन्द्र पाण्डे निवासी कृष्णा विहार कालोनी ने काठगोदाम थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने भाई गिरीश चन्द्र पाण्डे को रहने के लिए एक कमरा दिया था। लेकिन, पिछले एक वर्ष से एक व्यक्ति, जो उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी में था, लगातार रात के समय उनके घर आ जा रहा था। बीती रात वही व्यक्ति पुलिस वर्दी में उनके घर में घुस आया और घर में मौजूद कैलाश चन्द्र पाण्डे, उनकी पत्नी और पड़ोसियों से गाली-गलौच करने लगा। जब विरोध किया गया, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद, कृष्णा विहार कालोनी के स्थानीय लोगों ने आरोपी को रोक लिया। कैलाश चन्द्र पाण्डे ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 187 के सापेक्ष 88 लाइसेंसी शस्त्र हुए जमा

**बागेश्वर।** निकाय चुनाव को देखते हुए लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा रहे हैं। कोतवाली, बैजनाथ और कपकोट थाने में अब तक 187 के सापेक्ष 88 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। कोतवाल कैलाश सिंह नेगी ने बताया कि नगर क्षेत्र में 153 लाइसेंसी शस्त्र हैं, जिनके सापेक्ष 62 लोगों ने अपने शस्त्र जमा करा दिए हैं। एसओ कपकोट खुशवंत सिंह ने बताया कि थाने में 19 के सापेक्ष 11 शस्त्र जमा हो चुके हैं। वहीं, बैजनाथ के थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि नगर में 17 लोगों के पास लाइसेंसी शस्त्र हैं, जिनमें 15 जमा कराए जा चुके हैं। इधर, सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि सभी लाइसेंसी शस्त्रधारकों से जल्द से जल्द शस्त्र जमा कराने को कहा गया है।

## News कॉर्नर

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा पर्ची, नगदी के साथ एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। काठगोदाम पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थीं। इस दौरान जब पुलिस टीम चोरगलिया रोड रेलवे फाटक के पास पहुंची तो देखा कि रेलवे पटरी के पास जलाल शाह बाबा मजार के पीछे कुछ लोग एकत्रित थे। पुलिस को देखकर सभी लोग भागने लेकिन इस दौरान एक युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बब्लू पुत्र स्व. इकबाल निवासी इशातुल इस्लाम मदरसा के पास, थाना बनभूलपुरा के रूप में हुई। आरोपी के पास से 4720 रूपए की नगदी व सट्टा पर्ची बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### देशी शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 63 पव्वे मसालेदार देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसआई अरुण सिंह राणा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुमाऊ कालोनी के पास स्थित रकशीया नाले के पुलिया के पास एक व्यक्ति सफेद कट्टे में शराब लेकर खड़ा है और उसे बेचने की योजना बना रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र स्व. चंद्रलाल निवासी जवाहर ज्योति, दमुवाढूंगा के रूप में हुई। आरोपी के पास से दो पेटियों में शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजपा के गजराज का मेयर को आज धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत वार्ड संख्या 36 जवाहर ज्योति प्रथम अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया । गजराज सिंह बिष्ट ने दमुवाढुंगा क्षेत्र में निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला एवं विधायक कफकोट सुरेश गाड़िया के साथ जन संपर्क कर हल्द्वानी नगर निगम में कमल खिलाने का संकल्प लिया ।

दमुवाढुंगा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने कहा दमुवाढुंगा क्षेत्र में निवर्तमान मेयर ने 264 लाख की लागत से 14 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र



में बना हल्द्वानी शहर का सबसे बड़ा पार्क निर्माण करवाया है ।

जिसका लाभ क्षेत्र के बच्चे और बुजुर्गों आज मिल रहा है भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की आदमकद मूर्ति की स्थापना कर क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान किया है । भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज दमुवाढुंगा क्षेत्र से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कुमाऊं संभाग कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रचार अभियान तेज करने की रूपरेखा बनाई । जिसके बाद वार्ड संख्या 8 जगदम्बा नगर , वार्ड संख्या 46 गैर वैशाली ,एवं वार्ड संख्या 41 भगवानपुर में नुक्कड़ सभा एवं जन संपर्क अभियान चलाया । जहां पर मौजूद स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने कहा समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का रणनीति के तहत चुनावी मैदान से हट कर कांग्रेस पार्टी को लाभ पहुंचाने की मंशा का हल्द्वानी की जनता के सामने भंडाफोड़ हो चुका है ।

हल्द्वानी शहर की फिजा खराब करने वाला आतंक का खेल जो विगत फरवरी माह में बनभूलपुरा क्षेत्र में खेला गया था , जिला प्रशासन के द्वारा जिस उपद्रव को कुचलते हुए हल्द्वानी शहर में इस आग को फैलने से रोका था , अब कांग्रेस बनभूलपुरा क्षेत्र के उपद्रवियों के सहारे चुनाव जीतने का दिवा स्वप्न देख रही है । जिसको हल्द्वानी शहर की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी । अपने प्रत्येक दिन की शुरुआत मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद करने वाले भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट का कहना है कि वो सनातनी हैं और अपने प्रत्येक दिन की शुरुआत मंदिरों में ईश्वर की स्तुति से कर रहे हैं । ईश वंदना से उनको दिनभर तूफानी चुनाव प्रचार की आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है ।

विजयी चुनाव परिणामों तक उनका यह अभियान जारी रहेगा । भाजपा प्रत्याशी के दिनभर के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला , विधायक बंशीधर भगत , भुवन जोशी , नवीन भट्ट , संजय दुमका, रेनू अधिकारी , रोहित पांडे , दिनेश आर्या , रत्नेश शाह, बॉबी आर्य , चंद्र प्रकाश , मुन्नी बिष्ट, नवीन जोशी , कमल पांडे , प्रताप बोहरा समेत भारी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# अल्मोड़ा में तेंदुए ने दिनभर में आठ लोगों पर हमला किया

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

स्याल्दे क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए ने आठ लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। तेंदुए को वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर अल्मोड़ा स्थित रेस्क्यू सेंटर भिजवा दिया है।

अल्मोड़ा जिले के स्याल्दे -देघाट क्षेत्र में तेंदुए ने जमकर आतंक मचाया। तीन अलग-अलग स्थानों पर हमाल कर आठ लोगों को घायल कर दिया। तेंदुआ देर शाम घायल होकर सड़क किनारे गिर गया, जिसे वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर अल्मोड़ा स्थित रेस्क्यू सेंटर भिजवा दिया है। तेंदुए के आतंक से पूरा क्षेत्र में दहशत रही।

आठो को गहरे जख्म हैं लेकिन सबकी जान खतरे से बाहर बताई गई है। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हमले के बाद



वनविभाग के अधिकारी और कर्मचारी तेंदुए की तलाश में गश्त कर रहे हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा भी लगा दिया था। क्षेत्र के लोग इन हमलों के बाद बुरी तरह दहशत में हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में अलग-अलग इलाकों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिल रही थी। रविवार की सुबह करीब सात बजे मालभीड़ा क्षेत्र में मंदिर के पास अपने कमरे से निकल कर काम पर जाने की तैयारी कर रहे दो नेपाली मूल के दो मजदूरों प्रेम और गणेश पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। दोनों मजदूरों के शरीर पर गहरे घाव लगे हैं। दोनों मजदूर पास में ही चल रहे सड़क निर्माण में काम करते हैं और ठेकेदार की ओर से उपलब्ध कराए गए कमरे में रहते हैं। हमले के समय वे काम पर जाने के लिए कमरे से निकले थे। उनके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो तेंदुआ भाग गया।

# भीम आर्मी व आज़ाद समाज पार्टी की एक सभा का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आज हल्द्वानी में भीम आर्मी व आज़ाद समाज पार्टी (काशीराम) की एक सभा का आयोजन किया गया, सभा में आसपा से महापौर पद के प्रत्याशी नवीन चंद्र आर्य को सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर तन मन धन चुनाव लड़ाने पर विचार विमर्श किया गया, नवीन आर्य ने आसपा प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मेरे ऊपर जो विश्वास किया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा, हल्द्वानी की जनता से अनुरोध किया कि वह भी मेरे ऊपर विश्वास करें मैं गरीब व्यक्ति हूँ और गरीबों की तकलीफो को बहुत अच्छी तरह समझता हूँ, आसपा प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद ने कहा कि हम लोग बाबा साहेब और कांशीराम के मिशन को लेकर चल रहे हैं जिन्होंने कहा था कि वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि चुनाव और शिक्षा को इतना महंगा कर दिया गया है कि जिससे गरीब व्यक्ति चुनाव जीत ही न सके, नगर अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि चुनाव हौसलों से लड़ा जाता है हम सब एकजुट होकर जीत के लिए पूरा प्रयास करेंगे। सभा में रिज़वान गुड्डू, रितिक कांत, हरीश लोधी, सुलेमान मलिक, अताउल्ला सैफी, तस्लीम खान, असलम खान, हबीब अहमद सैफी आदि ने विचार रखे।



# कांग्रेस प्रत्याशी ललित का व्यापक जनसम्पर्क

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस से मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने प्रमुख बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात की ।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि व्यापारी भाइयों से बातचीत करते हुए यह समझ में आया कि वर्तमान में कई व्यापारियों को अतिक्रमण और अन्य समस्याओं के नाम पर अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी दुकानों को तोड़ने और उत्पीड़न की घटनाओं से वे मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। यह अत्यंत दुखद है और किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है । हमारा विश्वास है कि हल्द्वानी का हर व्यवसायी और हर नागरिक एक सुरक्षित और प्रगतिशील माहौल में अपना काम कर सके। व्यापारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

आने वाले नगर निगम चुनाव में सही नेतृत्व और सही दिशा देने के लिए सभी व्यापारियों और नागरिकों का समर्थन अति आवश्यक है।

इस जनसंपर्क में विधायक सुमित हृदयेश, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट , हरीश मेहता , एन.बी. गुणवंत, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, जगमोहन बगडवाल, जसविंदर सिंह भसीन, दीपक शाह, कैलाश शाह, केदार पलड़िया, दलजीत सिंह दल्ली , प्रकाश पाटनी, गुरप्रीत सिंह प्रिंस , मयंक भट्ट , सुशील डूंगरकोटी, जीवन सिंह कार्की समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# चोरों ने साईं मंदिर को बनाया निशाना, गुल्लक तोड़ हजारों रुपये उड़ाए

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में देर रात चोरों ने एक साईं मंदिर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर में रखी तीन गुल्लक तोड़ी और हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए।

रुद्रपुर में देर रात चोरों ने किच्छा बाईपास रोड पर स्थित साईं मंदिर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर में रखी तीन गुल्लक तोड़ी और हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

# सतनाम वाहे गुरु, वाहे गुरु के उद्घोष से गूंजा बाजपुर

बाजपुर

हमारे संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर धूमधाम के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन के दौरान सतनाम वाहे गुरु, वाहे गुरु के उद्घोष से बाजपुर शहर गूंज उठा।

नगर कीर्तन में गतका पार्टी के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को हैरान कर दिया। नगर कीर्तन को लेकर केलाखेड़ा से बाजपुर गुरुद्वारा

**आस्था**

● हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को हैरान कर दिया

साहिब तक जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए। संगत ने पुष्प वर्षा की।

केलाखेड़ा स्थित गुरुद्वारा साहिब से रविवार को गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की रहनुमाई और पंच प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन शुरू होकर हाईवे से दोराहा, रामपुर रोड, शहीद भगत सिंह चौक, रामराज रोड होकर श्री गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में गुरु महाराज की पालकी के आगे सिख समाज के लोग सफाई और पानी छिड़काव करते चल रहे थे।

क्षेत्र के कई स्कूलों के बच्चे भी कई पेशाकों में शोभा बढ़ा रहे थे। नगर कीर्तन में श्री हेमकुंड साहिब सहित कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

# सचिव उच्च शिक्षा डॉ0 रंजीत ने महिला महाविद्यालय निरीक्षण किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में सचिव उच्च शिक्षा उत्तराखंड शासन डॉ0 रंजीत सिंह ने निरीक्षण किया। प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने बताया कि सचिव महोदय द्वारा सर्वप्रथम जंतु विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया इसके पश्चात वनस्पति विज्ञान, गृह विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा भूगोल विभाग की प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। विभाग प्रभारियो द्वारा प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरणों एवं अन्य सामग्रियों के बारे में सचिव महोदय को अवगत करवाया गया साथ ही प्रयोगशालाओं



को और शुद्ध बनने के लिए उपकरणों की अन्य आवश्यकताओं आदि के बारे में बताया गया इसके निराकरण के लिए सचिव महोदय द्वारा प्रस्ताव शासन को भेज ने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष कविता सवाल द्वारा पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों की जानकारी दी।

वहीं महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित 500छात्राओं की क्षमता वाले परीक्षा हॉल की डीपीआर के बारे में सचिव महोदय ने प्राचार्य से चर्चा की और प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया साथ ही महाविद्यालय के मास्टर प्लान से अवगत होते हुए भविष्य में किए जाने वाले निर्माण कार्य की सम्भावना पर विचार किया।

महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास को देखते हुए सचिव महोदय ने इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट प्लान को तैयार कर प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो0 अंजू अग्रवाल, सहायक निदेशक दीपक पांडेय, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 टी0बी0 सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मंजू मेहरा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।